**24/02**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

राज्य के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने हाल ही में दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर में रहने वाली राज्य की तीन युवतियों के साथ हुई नस्लीय दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि ऐसा व्यवहार बिल्कुल अस्वीकार्य है और समाज में इसकी कोई जगह नहीं है। उन्होंने आगे बताया कि मामले की जानकारी मिलने पर उन्होंने दिल्ली पुलिस आयुक्त से बात की और त्वरित एवं सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि आरोपी फिलहाल फरार हैं और उन्हें आश्वासन दिया गया है कि उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कानून के अनुसार सजा दी जाएगी। श्री खांडू ने कहा, "हम पीड़ित युवतियों के साथ मजबूती से खड़े हैं और उनकी सुरक्षा, गरिमा और न्याय हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।" इस बीच, अरुणाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग ने भी तीनों युवतियों के साथ कथित नस्लीय उत्पीड़न और मौखिक दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा की। एपीएससीडब्ल्यू ने इस बात की सराहना की कि भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। हालांकि, आयोग ने संबंधित अधिकारियों से निष्पक्ष, तटस्थ और समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने का आग्रह किया ताकि न्याय में कोई देरी न हो। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग गोले ने भी इस घटना की निंदा की।

0000000000000000000

राज्य के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल केटी परनाइक ने ईटानगर के लोक भवन में यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत झारखंड, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल के स्टूडेंट्स के एक ग्रुप से बातचीत की।

एक वाइब्रेंट यूथ एक्सचेंज इनिशिएटिव के तहत झारखंड और पुडुचेरी के कुल चौवालीस छात्र अष्टलक्ष्मी दर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत अरुणाचल प्रदेश का दौरा कर रहे हैं, जबकि पश्चिम बंगाल के सैतीस युवा अंतर्राज्यीय युवा विनिमय कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। छात्रो से बातचीत करते हुए राज्यपाल ने उनसे नए विचारों के प्रति खुले मन रहने और साथ ही भारत के समृद्ध सांस्कृतिक मूल्यों और संस्कृति से जुड़े रहेने का आग्रह  किया। अरुणाचल प्रदेश के विकास प्रगति पर प्रकाश डालते हुए राज्यपाल ने राज्यों को विविधता में एकता का जीवंत उदाहरण बताया। उन्होंने भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी में राज्य की बढ़ती महत्व को भी रेखांकित किया।

0000000000000000000000

मणिपुरी फिल्म 'बूंग' ने बाफ्टा 2026 में सर्वश्रेष्ठ बाल एवं पारिवारिक फिल्म श्रेणी में पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया है। यह फिल्म इस वर्ष बाफ्टा में नामांकित होने वाली एकमात्र भारतीय फिल्म थी। इसकी घोषणा बाफ्टा के आधिकारिक पेज पर की गई। बूंग का मुकाबला आर्को, लिलो एंड स्टिच और ज़ूटोपिया 2 से था। इसे लक्ष्मीप्रिया देवी ने लिखा और निर्देशित किया है और फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी की एक्सेल एंटरटेनमेंट ने निर्मित किया। फिल्म में गुगुन किपगेन और बाला हिजाम ने अभिनय किया है। बूंग एक छोटे लड़के की कहानी है जो अपने लापता पिता की तलाश में निकलता है और उन्हें अपनी मां को सरप्राइज देने के लिए वापस लाना चाहता है।

000000000000000000000

राज्य के कृषि मंत्री गेब्रियल डी वांगसू ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, कृषिओन्नति योजना और नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग स्कीम के खर्च की स्थिति पर समीक्षा बैठक में वर्चुअली हिस्सा लिया। इसके अलावा, प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत मंज़ूरी पर चर्चा हुई, जिसमें प्राइस सपोर्ट स्कीम और प्राइस डेफिशिएंसी पेमेंट स्कीम के तहत प्रस्ताव शामिल थे। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की।

0000000000000000000

हिमालयन यूनिवर्सिटी, जुलांग, ईटानगर में “नारी शक्ति और विकसित भारत @ 2047” थीम पर एक स्पेशल आउटरीच कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 2047 तक एक विकसित और समावेशी भारत के निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला गया। हिमालयन यूनिवर्सिटी के विशेष शिक्षा विभाग के प्रमुख डॉ. इब्राहिम खान ने मुख्य भाषण देते हुए समावेशी शिक्षा और महिलाओं, विशेष रुप से विशेष आवश्यकताओं वाली महिलाओं की सशक्तिकरण की पर बल दिया। ईटानगर स्थित रामकृष्ण मिशन अस्पताल की गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ. बेंगिया चिरची ने इस बात पर बल दिया कि एक स्वस्थ्य महिला ही एक स्वस्थ्य राष्ट्रीय की रीढ़ होती है। उन्होंने रिप्रोडक्टिव हेल्थ और रेगुलर मेडिकल चेक-अप के बारे में ज़्यादा अवेयरनेस लाने की अपील की।

000000000000000000000

ईटानगर कैपिटल कॉम्प्लेक्स डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने निरजुली के रायो गांव में "सेवा आपके द्वार" कैंप लगाया। इस कार्यक्रम का मकसद सरकारी सेवाओं को सीधे लोगों के घर तक पहुंचाना था। यह पहल "आत्मनिर्भर अरुणाचल" विज़न को समर्थन करती है, जिससे कल्याणकारी योजनाओं और ज़रूरी सार्वजनिक सेवाओं का कुशल वितरन सुनिश्चित होता है।

0000000000000000000

महिलाओं पर फोकस करने वाली एक लीगल जागरुकता कार्यशाला के मारतो कामदक मल्टीपर्पस हॉल में आयोजन किया गया। इसे गालो वेलफेयर सोसाइटी की महिला विंग ने अरुणाचल प्रदेश स्टेट कमीशन फॉर विमेन के सहयोग से आयोजन किया था ताकि लीगल लिटरेसी और अधिकारों के बारे में जागरुकता को बढ़ावा दिया जा सके।

00000000000000000000

मौसम विज्ञान केंद्र ईटानगर ने अनुमान लगाया है कि अरुणाचल प्रदेश के पापुमपारे, ईस्ट सियांग, दिबांग और लोअर दिबांग वैली जिलों में अलग-अलग जगहों पर बिजली कड़कने के साथ आंधी-तूफान आने की संभावना है। मौसम केंद्र ने येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आज ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला की शुरुआत छह विकेट से हार के साथ की। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने अड़तालीस दशलव तीन ओवरों में दो सौ चौदह रन बनाकर ऑल आउट हो गया।

बेथ मूनी और कप्तान एलिसा हीली के अर्धशतकों की बदौलत मेजबान टीम ने सिर्फ अड़तीस दशमलव दो ओवरों में लक्ष्य हासिल कर लिया। तीन मैचों की सीरीज का दूसरा मैच सत्ताईस फरवरी को होबार्ट में खेला जाएगा।

0000000000000000000000000